# अमरावती मार्ग पर कृषि कन्वेंशन सेंटर प्रस्तावित, हो चुकी है प्रारंभिक चर्चा

## ▪ कृषि महाविद्यालय की जमीन पर बीओटी आधार पर सेंटर बनाने का विचार

**शहर प्रतिनिधि** | नागपुर. कृषि विकास के लिए आवश्यक प्रशिक्षण व विविध कार्यक्रमों के आयोजन के लिए अमरावती मार्ग पर कृषि कन्वेंशन सेंटर प्रस्तावित है। कृषि महाविद्यालय की जमीन पर बीओटी आधार पर सेंटर बनाने के लिए केंद्र व राज्य सरकार की सहायता ली जाएगी। इस संबंध में आरंभिक चर्चा हो गई है। जल्द ही निर्णायक चर्चा होगी। भूतल परिवहन मंत्री व एग्रोविजन कृषि प्रदर्शनी के मुख्य प्रवर्तक नितीन गडकरी ने यह जानकारी दी।

**वर्ष भर कृषि प्रशिक्षण के कार्य चलते रहेंगे :** गडकरी ने बताया कि अमरावती मार्ग स्थित 43 एकड़ जमीन पर यह सेंटर तैयार करने का विचार है। इस संबंध में कृषि महाविद्यालय के प्रबंधन के साथ चर्चा हुई है। जल्द ही मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से योजना के संबंध में चर्चा की जाएगी। राज्य सरकार की अनुमति मिलने पर प्रक्रिया को गति दी जाएगी।



बीओटी आधार पर विविध कार्ययोजना को साकार किया जाएगा, लेकिन सेंटर की मालकियत कृषि महाविद्यालय की ही रहेगी। कन्वेंशन सेंटर में कृषि विकास से संबंधित कार्यक्रम, बैठकें, प्रशिक्षण शिविर व प्रदर्शनी का आयोजन होगा। वर्ष भर कृषि प्रशिक्षण के कार्य चलते रहेंगे। एग्रोविजन जैसी कृषि प्रदर्शनियों का आयोजन कन्वेंशन सेंटर में होने लगेगा। बीज प्रक्रिया व संशोधन कार्य की जानकारी मिलने लगेगी।

## बकरी निर्यात मामले पर बोले गडकरी, मुझे दुविधा में मत डालिए

नागपुर विमानतल से भेड़-बकरी निर्यात का मामला भाजपा के नेताओं के लिए दुविधा का विषय बनने लगा है। एग्रोविजन कृषि प्रदर्शनी में विविध विषयों के साथ ही भेड़-बकरी निर्यात के अवसरों की भी जानकारी दी जाएगी। इसी मामले पर जब भूतल परिवहन मंत्री नितीन गडकरी से पूछा गया कि भेड़-बकरी निर्यात की तैयारी के बाद भी निर्यात नहीं हो पाई तो गडकरी ने साफ कहा-मुझे दुविधा में मत डालिए। आप जानते हैं यह विषय कितना गंभीर बन गया है। गौरतलब है कि विदर्भ में कृषि पूरक व्यवसाय का बढ़ावा देने के उद्देश्य के साथ भेड़-बकरी निर्यात की योजना बनाई गई थी। भाजपा के राज्यसभा सदस्य डॉ.विकास महात्मे ने योजना की जिम्मेदारी ली थी। केंद्रीय कृषि, वाणिज्य व विमानन मंत्रालय के सहयोग से भेड़ बकरी निर्यात की योजना की शुरुआत करना था। विमान बुक कर लिया गया था। भेड़-बकरियां निर्यात के लिए नागपुर लाए गए थे। शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के अलावा भूतल परिवहन मंत्री नितीन गडकरी, वाणिज्य व विमानन मामलों के मंत्री सुरेश प्रभु उपस्थित रहने वाले थे। लेकिन सामाजिक संस्थाओं के विरोध को देखते हुए भेड़ बकरी निर्यात की योजना रद्द कर दी गई। इस मामले को लेकर विधानसभा में विपक्ष ने भाजपा को आड़े हाथ लिया। नेता प्रतिपक्ष राधाकृष्ण विखे पाटील, कांग्रेस सदस्य पृथ्वीराज चव्हाण, कांग्रेस सदस्य नसीम खान के अलावा विधानपरिषद में नेता प्रतिपक्ष धनंजय मुंडे ने कहा कि सरकार को नागपुर से भेड़-बकरी निर्यात करना चा